जब स्ट्रेगा नानी को अपनी जोड़ीदार मिली

टोमी डी-पाओला



जब स्ट्रेगा नानी को अपनी जोड़ीदार मिली

टोमी डी-पाओला



कालाब्रिया के उस छोटे से शहर में जहां स्ट्रेगा नानी रहती थीं कुछ खास नहीं होता था. कम-से-कम, तब कुछ भी नहीं हुआ जब बिग एंथोनी, स्ट्रेगा नानी के जादुई पास्ता पतीले को, अकेला छोड़कर चला गया.

बेकर की बेटी बम्बोलोना भी देसी हकीम बनना चाहती थी. वो स्ट्रेगा नानी की कही हर बात को ध्यान से सुनती थी. वो बिग एंथनी की तरह नहीं थी, जो कभी किसी की बात नहीं सुनता था. बम्बोलोना, के कारण सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा था. पहाड़ी पर स्ट्रेगा नानी के छोटे से घर में जीवन शांति से चल रहा था.

फिर एक दिन स्ट्रेगा नानी को स्ट्रेगा अमेलिया का एक पत्र आया. स्ट्रेगा अमेलिया पहाड़ के दूसरी तरफ रहती थी.
"स्ट्रेगा नानी," पत्र में लिखा था, "मैं आपके पास कुछ दिन रहने के लिए आना चाहती हूं. क्या अगला सप्ताह सुविधाजनक होगा? कृपया मुझे जल्दी लिखें - प्यार और चुंबन के साथ - स्ट्रेगा अमेलिया.

स्ट्रेगा नानी ने स्ट्रेगा अमेलिया को जल्द-से-जल्द आने के लिए पत्र लिखा. बिग एंथनी और बम्बोलोना ने स्ट्रेगा नानी की घर साफ़ करने में मदद की. उन्होंने झाड़ू और पॉलिश की, और चादरों को झटका.

"मेरे पास रहने के लिए बहुत कम मेहमान ही आते हैं, मेरे बच्चों," स्ट्रेगा नानी ने अपने नौकरों से कहा. "मेहमानों से मिलना बड़ा अद्भुत होता है. और हाँ, बिग एंथोनी, जब स्ट्रेगा अमेलिया यहां आए तो ध्यान से काम करना और अच्छा व्यवहार करना."

"हाँ, स्ट्रेगा नानी," बिग एंथोनी ने उत्तर दिया. "मैं इतना अच्छा बर्ताव करूंगा कि आप यकीन नहीं करेंगी!"
"मुझे तभी विश्वास होगा कि जब मैं तुम्हें देखूंगी," बम्बोलोना ने स्ट्रेगा नानी के कान में फुसफुसाया.
"अब छोड़ो भी, बम्बोलोना." स्ट्रेगा नानी ने वापस फुसफुसाया.

"नमस्कार," स्ट्रेगा अमेलिया ने पहाड़ी की चोटी पर पहुँचते ही पुकारा.
"अरे मेरी प्यारी दोस्त," स्ट्रेगा नानी ने कहा. "अंदर आओ, अंदर आओ."

फिर दोनों देसी डॉक्टर ड्राइंग रूम में बैठीं. उन्होंने घंटों बातें की, गपशप लड़ाई और आपस में हंसीं. अंत में बम्बोलोना दरवाज़े पर आकर खड़ी हो गई.
"प्रिय अमेलिया," स्ट्रेगा नानी ने कहा. "बम्बोलोना ने हमारे लिए एक शानदार रात का खाना बनाया है. चलो, अब खाते हैं!

अगली सुबह स्ट्रेगा नानी उन नगरवासियों की मदद करने में व्यस्त थी जो सिर दर्द को ठीक करवाने, पतियों को खोजने और मस्सों से छुटकारा पाने के लिए उनके पास आए थे.

स्ट्रेगा अमेलिया ने मरीज़ों की लम्बी लाइन को देखा.
"अच्छा," उसने बिग एंथोनी से कहा.
"स्ट्रेगा नानी के पास बहुत सारे मरीज़ आते हैं. क्या यहाँ हमेशा ऐसा ही होता है?"
"हाँ," बिग एंथोनी ने जवाब दिया. "कभी-कभी यहाँ पर इससे भी अधिक भीड़ और व्यस्तता होती है!"

"भगवान के लिए!" स्ट्रेगा अमेलिया ने कहा. "मैंने देखा है कि स्ट्रेगा नानी अभी भी पुराने जमाने के तरीकों का ही इस्तेमाल करती हैं. ठीक है! मुझे इसके बारे में कुछ और सोचना होगा."

अगले दिन स्ट्रेगा अमेलिया वापिस अपने घर चली गई.
"स्ट्रेगा नानी, अलविदा, बम्बोलोना और बिग एंथोनी अलविदा," स्ट्रेगा अमेलिया ने पहाड़ी से नीचे उतरते हुए कहा.
"स्ट्रेगा अमेलिया अलविदा!" तीनों ने उससे कहा.

एक हफ्ते बाद, जब बिग एंथोनी बकरी को खिला रहा था, तो उन्होंने पहाड़ी के ऊपर से देखा. कई गाड़ियां उनके शहर में चली आ रही थीं.
"बम्बोलोना," उसने कहा. "आओ, चलकर देखते हैं."
"क्यों, ऐसा लगता है...!" बम्बोलोना ने कहा. "जैसे स्ट्रेगा अमेलिया ने कुछ चाल चली है?"
"चलो स्ट्रेगा नानी से पूछें," बिग एंथनी ने कहा.
"नहीं, हम नीचे चलते हैं और पता लगाते हैं," बम्बोलोना ने कहा. और वे खुद देखने के लिए पहाड़ी से नीचे उतरे.



कुछ ही समय में वे वापस आए.
"स्ट्रेगा नानी, स्ट्रेगा नानी," बम्बोलोना और बिग एंथोनी ने चिल्लाते हुए कहा. दोनों की सांस फूल रही थी.
"क्या हुआ मेरे बच्चों?" स्ट्रेगा नानी ने पूछा.
"आप कभी अनुमान नहीं लगाएंगी. ज़रा इस पर्चे को पढ़ें!" बम्बोलोना ने स्ट्रेगा नानी को एक हैंडबिल सौंपा.



"ठीक है," स्ट्रेगा नानी ने कहा. "मुझे नहीं लगता कि उससे हमें कोई चिंता करनी चाहिए."

लेकिन स्ट्रेगा नानी गलत थीं.

एक-एक करके सभी नगरवासी स्ट्रेगा अमेलिया के दवाखाने पर जाने लगे. सभी को मिठाइयाँ मिलीं - और साथ में कॉफ़ी भी! और स्ट्रेगा अमेलिया के पास सच में नवीनतम वैज्ञानिक उपकरण थे - अजीब दिखने वाली मशीनें जो घूमती थीं और आवाज़ें चीजें करती थीं. उनके दवाखाने के सामने लोगों की कतारें लंबी और लंबी होती गईं. स्ट्रेगा नानी को अब एक सच्चा जोड़ीदार मिला था.

अंत में, एक दिन सुबह, स्ट्रेगा नानी के घर पर एक भी मरीज़ नहीं आया. और फिर वही दस्तूर लगातार चलता रहा. बेचारी स्ट्रेगा नानी!
तीन सप्ताह बाद, स्ट्रेगा नानी ने बम्बोलोना और बिग एंथोनी को बुलाया.
"मेरे बच्चों, मुझे तुमसे कुछ बात करनी है. मेरा पर्स खाली है. मैं तुम्हें अब और वेतन नहीं दे पाऊंगी. मुझे डर है कि मेरा धंधा चौपट हो गया है. तुम्हें अब शहर में जाकर कोई और नौकरी ढूंढनी होगी."
फिर स्ट्रेगा नानी वापस अपने छोटे से घर में चली गईं.

अगली सुबह बम्बोलोना हमेशा की तरह उनके घर आई. "स्ट्रेगा नानी, मैं अपने पापा की बेकरी, में कुछ मदद करूंगी, इसलिए मुझे कुछ ख़ास फर्क नहीं पड़ेगा. और फिर हफ्ते में कुछ दिन मैं आपकी मदद करने के लिए भी आऊंगी!"

"मेरी प्यारी बम्बोलोना, तुम सच में बहुत अच्छी हो," स्ट्रेगा नानी ने कहा. "लेकिन बिचारे बिग एंथोनी का क्या होगा?"

"देखो, वो आ रहा है," बम्बोलोना ने कहा.
"स्ट्रेगा नानी, बम्बोलोना, आप कभी यकीन नहीं करेंगे! मुझे एक नया काम मिल गया है!" बिग एंथनी चिल्लाया. सभी मुस्कुराए.
"पर तुम अपनी नई नौकरी से इतने खुश नहीं लग रहे हो," बम्बोलोना चिल्लाई.
"अच्छा," स्ट्रेगा नानी ने कहा. "हमें बताओ, बिग एंथोनी, तुम्हें कहाँ नौकरी मिली है?"
"मैं स्ट्रेगा अमेलिया के लिए काम करने जा रहा हूँ!" बिग एंथोनी ने कहा.
"बाप रे बाप?" बम्बोलोना चिल्लाई.
"ज़रा रुको!" बिग एंथोनी चिल्लाया.
"हाँ, बम्बोलोना, रुको!" स्ट्रेगा नानी ने कहा. "मुझे लगता है कि वो ठीक है बिग एंथनी. तुम कब से काम शुरू कर रहे हो?"

"आज ही से, स्ट्रेगा नानी. मुझे अभी वहाँ तुरंत जाना है. कृपा मुझे शुभकामनाएँ दें!" बिग एंथोनी ने कहा. फिर वो मुड़ा और पहाड़ी से नीचे भागा.

"तुम्हें कामयाबी मिले!" स्ट्रेगा नानी पीछे से चिल्लाईं.

"वो ऐसे कैसे कर सकता है? वो बड़ा खुदगर्ज़ निकला!" बम्बोलोना ने गुस्से में कहा.

"अरे, बिग एंथोनी, तुम मेरी कितनी मदद कर रहे हो," स्ट्रेगा अमेलिया ने कहा. बिग एंथोनी दिन भर स्ट्रेगा अमेलिया के पीछे-पीछे घूमता था और वही करता था जो वो बताती थीं.

उसने पति-पत्नी वाली मशीन को पॉलिश किया.

उसने मस्सा-क्रीम की बोतलों को भरा.

उसने चूल्हे पर रखे बाल बढ़ाने वाले तेल को हिलाया.

"देखो, बिग एंथोनी, मेरा धंधा अब खूब फल-फूल रहा है," स्ट्रेगा अमेलिया ने एक सुबह कहा. "मुझे लगता है कि लोग आधुनिक तरीकों को पसंद कर रहे हैं, विशेष रूप से सिरदर्द वाली मशीन को. अच्छा, अब क्योंकि तुम यहां कुछ हफ्तों से हो और सब काम को समझ गए हो, इसलिए मैं कुछ दिनों के लिए बाहर जा रही हूँ. तब तुम यहाँ के इंचार्ज होगे. मैं पहाड़ी के पार जाऊंगी और बाकी नए उपकरण और मशीने लेकर वापिस लौटूंगी. अब बैठो, और मेरी बातों को ध्यान से सुनो. मैं तुम्हें समझाऊंगी कि मेरी गैरमौजूदगी में सब कुछ कैसे चलाना है."

बिग एंथोनी मुस्कुराया. वो अब इंचार्ज था!

पहले दिन उसने पति-पत्नी वाली मशीन को उलटी दिशा में घुमा दिया.



दूसरे दिन उसने गलती से, मस्से की क्रीम को, बाल उगाने वाले तेल में मिला दिया.



चीजें ठीक-ठाक नहीं चल रही थीं. फिर तीसरे दिन मेयर दवाखाने में आ पहुंचे.
"मिस्टर मेयर" बिग एंथोनी ने कहा. "मै आपकी क्या मदद कर सकता हूँ?"
"बिग एंथोनी," मेयर कराह उठे. "मुझे भयानक सिरदर्द है. स्ट्रेगा अमेलिया के पास सिरदर्द की अद्भुत मशीन है. कृपा उससे मेरा इलाज करो."



बिग एंथनी ने मेयर को मशीन में बैठाया. फिर उसने सिरदर्द मशीन चलाने वाले निर्देश पत्र को उठाया - उसमें दिखाया गया था कि मशीन कैसे काम करती थी. उसने उस चित्र को देखा. वो बहुत जटिल था. (पर उसने उसे उल्टा पकड़ा था!)





अगली सुबह सभी नगरवासी अपना इलाज कराने के लिए स्ट्रेगा नानी के दवाखाने में वापस पहुंचे. शहर का मेयर उनमें सबसे आगे थे.

"बम्बोलोना," स्ट्रेगा नानी ने कहा, “जल्दी से पहाड़ी के नीचे जाओ और बिग एंथोनी को वापिस बुलाकर लाओ. हमें उसकी जरूरत पड़ेगी."

जब गाड़ियाँ स्ट्रेगा अमेलिया के साथ पहाड़ी के ऊपर आईं,
तो शहर के लोग फाटक पर प्रतीक्षा कर रहे थे.



"मुझे क्षमा करें," मेयर ने स्ट्रेगा अमेलिया से कहा, "देखिए, हम सभी एक बात पर सहमत हैं - हम सब को पुराने तरीकों ही पसंद हैं. हमारे इलाज के लिए पुरानी स्ट्रेगा नानी ही ठीक है. हमें उम्मीद है कि आप इसका बुरा नहीं मानेंगी."

"स्ट्रेगा अमेलिया," स्ट्रेगा नानी ने कहा. "मुझे खेद है कि तुम्हारा धंधा सफल नहीं हुआ."

"स्ट्रेगा नानी," स्ट्रेगा अमेलिया ने कहा. "मुझे स्वीकार करना होगा कि सब कुछ बहुत अच्छा चल रहा था. और जहां तक आपके बिग एंथनी का सवाल है मुझे पता है कि आपको उसके बिना परेशानी हुई होगी, लेकिन उसके बिना मेरा काम बिलकुल नहीं चलता. उसने मेरी बड़ी मदद की."

"निश्चित रूप से," स्ट्रेगा नानी ने मुस्कुराते हुए कहा.

समाप्त